## खबर संक्षेप

### कलेक्टर का नवाचार-एनआरसी में भर्ती रहे बच्चों को पोषण किट का वितरण



**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा जिले में नवाचार किया जा रहा है। नवाचार के इसी क्रम में कोठी के अस्पताल के एनआरसी में भर्ती रहे कम पोषण वाले बच्चों को घर वापसी के समय पोषण किट तथा पैरेंटस को न्यूट्री बास्केट का वितरण किया गया। इस मौके पर सीडीपीओ सोहावल एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे। इसी प्रकार 14 दिवस पूर्ण करने के बाद अनन्या को महिला बाल विकास टीम की उपस्थित में एनआरसी एफडी द्वारा पैरेंटस को न्यूट्री बास्केट प्रदान की गई एवं चलाई जा रही इस योजना की जानकारी दी गई।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चलाया गया सफाई अभियान



**सतना।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मंगलवार को नगर परिषद जैतवारा में कार्यालय परिसर के निकट बागीचे की सफाई कार्य एवं लगना नदी में जमी गाद की सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद जैतवारा के जनप्रनिधि, सीएमओ निधि राजपूत,इंजी. आनंद त्रिपाठी सहित नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे।

# ट्रेन में सोने-चांदी के गहने और मोबाइल फोन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

**सतना।** जीआरपी ने दो वर्ष पूर्व ट्रेन में सफर कर रही महिला यात्री का लाखों रुपये के सामान चुराने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने यह जानकारी मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में दी। जिसमें बताया गया कि यात्रियों के मोबाइल, बैग और पर्स चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर करीबन 2 लाख 59 हजार रुपये सोने-चांदी के जेवरात एवं रेडमी मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता मिली है। आरोपी पंकज तिवारी पिता नरेन्द्र तिवारी 26 वर्ष रीवा जिले के सेमरिया



का रहने वाला बताया जाता है। जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही कर रही है।



चौकी प्रभारी राजेश राज के मुताबिक 3 अक्टूबर 23 को फरियादिया पूजा चतुर्वेदी पति विजय कुमार चतुर्वेदी 28 साल निवासी ग्राम किहूनिया थाना मारकुंडी जिला चित्रकूट ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि ट्रेन 06634 मेमो सतना-मानिकपुर लोकल से सतना से मानिकपुर जाने के लिये प्लेटफार्म नं.3 में खड़ी ट्रेन में जाकर बैठी तथा अपनी लेडीज पर्स लाल रंग का सीट के उपर रख दिया लेडीज पर्स में सोने की अंगूठी,एक मंगलसूत्र,एक जोड़ी बिजली,एक हाय चंद्रमा सोने का,चांदी की पायल,चांदी की संतान साते की चूडी,रेडमी कंपनी का मोबाइल अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया। 21 अप्रैल 25 को लोकेशन के आधार पर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर मामले में चोरी गये मोबाइल फोन के संबंध में पूछताछ जिसने मोबाइल फोन चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी गया मोबाइल फोन पेश किया अन्य समान के संबंध में पूछताछ करने पर दिनांक समय घटना को अपराध कारित करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गया मशरुका सोने,चांदी के जेवरात एक मोबाइल फोन रेडमी कंपनी का कुल कीमती 2,59,000 रुपये जप्त कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## कलेक्टर ने सुनी 116 आवेदकों की समस्यायें



**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देशन में मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने 116 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 41 आवेदन

कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 41 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पिथौराबाद पहुंचे सतना कलेक्टर डॉ सतीश कुमार

**पद्मश्री बाबूलाल दाहिया द्वारा विकसित कृषि उपकरणों के म्यूजियम और बीज बैंक का किया अवलोकन**

**सतना।** सतना जिला कलेक्टर डॉ सतीश कुमार मंगलवार अपराह्न अचानक उचेहरा जनपद अंतर्गत स्थित पिथौरबाद गांव पहुंचे उन्होंने पद्मश्री बाबूलाल दाहिया द्वारा विकसित किए गए कृषि आश्रित समाज के भूले बिसरे उपकरणों के संग्रहालय के साथ ही विलुप्त प्रायः परम्परागत अनाज के बीज बैंक को भी देखा। इस दौरान उप संचालक कृषि मनोज कश्यप उपस्थित रहे।

परंपरागत अनाजों व कृषि उपकरणों की विस्तार से ली जानकारी

कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार ने कृषि आश्रित समाज के भूले बिसरे उपकरणों के संग्रहालय में जाकर वहां संग्रहित 400 से अधिक उपकरणों को देखा। एक-एक उपकरण के कार्य के बारे में



विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान स्थित बीज बैंक को भी देखा। डॉ कुमार वहां रखी करीब दो सौ प्रकार की धान,दो दर्जन गेहूं की किस्मों के साथ ही मोटे अनाज और सब्जी बीज भी देखे। एक ही स्थान पर डिब्बों में पैक रंग बिरंगे धान बीज देखकर वे स्तब्ध रह गए।उन्होंने अपने गृह ग्राम में धान गेहूं की ली जाने वाली परंपरागत किस्मों की जानकारी साझा करते हुए सतना जिले में होने वाली खेती व फसलों पर चर्चा की।

## विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**सतना।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता के आदेशानुसार संत निरंकारी मंडल की (आध्यात्मिक शाखा संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन) के तत्वधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल रक्तदान शिवर का आयोजन गुरुवार,दिनांक,24 अप्रैल को प्रातः 9:00 बजे से संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर में किया जाएगा। अतः इसी दिवस पर स्थानीय निरंकारी भक्त गण संत एवं गणमान्य नागरिक प्रातः 9:00 से रक्तदान करेंगे। इससे पूर्व रक्तदान करने की प्रेरणा हेतु विशाल स्कूटर/बाइक रैली का आयोजन एवं जगह-जगह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रक्त दान के लिए उत्साहित किया जाएगा। बुधवार,दिनांक,23 अप्रैल शाम 4:00 बजे से संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्णा नगर से किया जाएगा। उक्त रैली संत निरंकारी सत्संग भवन सरस्वती स्कूल चौराहा से शुरू होकर अस्पताल चौक,पन्नीलाल चौक,बिहारी चौक,जयस्तंभ चौक,स्टेशन रोड से होकर सर्किट हाउस चौक,सिमरिया चौक,बिरला रोड होते हुए सिंधी कैंप के प्रमुख चौराहा से होकर संत निरंकारी सत्संग भवन सिंधी कैंप में संपन्न होगी। यह जानकारी संत निरंकारी मंडल ब्रांच सतना के संयोजक महात्मा डॉ जगदीश सेवानी ने समस्त शहर वासियों को सपरिवार सादर आमंत्रित करते हुए विनम्र निवेदन किया है कि इस जन कल्याणकारी कार्य में अपना योगदान कर इस रक्तदान शिविर को सफल बनाये एवं सतगुरु माता जी के आशीवादों के पात्र बने।

## वन्य प्राणियों का शिकार करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**मैहर।** वनपरिक्षेत्र मैहर के बीट भदनपुर में बीती रात वरिष्ठ कार्यालय से सूचना प्राप्त हुई थी कि वन परिक्षेत्र मैहर बीट भदनपुर के ग्राम मोहरबा में कुछ पारधी जाति के लोगों द्वारा वन्यप्राणियों का शिकार किया गया है।सूचना प्राप्त होते ही मुख्य वनसंरक्षक वन वृत्त रीवा राजेश कुमार राय के निर्देशन, वन मण्डल अधिकारी मैहर सतना मंयक चांदीवाल एवं लोकेश निरापुरे प्रभारी वनमण्डल अधिकारी के मार्गदर्शन में उप वनमण्डल अधिकारी मैहर यशपाल मेहरा के नेतृत्व में परिक्षेत्र अधिकारी मैहर सतीश चन्द्र मिश्रा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दो परिक्षेत्रों का एक दल गठित किया गया।वन मण्डल सतना से डॉग स्क्वाड की डीम के साथ स्थानीय प्रशासन के तहसीलदार की उपस्थिति में सूचना के आधार पर ग्राम मोहरबा के निवासी पारधी समुदाय के घरों में दबिश दी गई। जिसमें कार्यवाही के दौरान लोकन पारधी के घर से 3 लोहे के छड़ के बल्लम तथा 2 लोहे की कुल्हाड़ी बेंट लगी, तीतर फंसाने के पिजरे 6 नग,जी.आई तार एक बंडल लगभग 2 कि.ग्रा.,लोहे का बका 1 नग रखा हुआ पाया गया और वन्यप्राणी का मांस जो की करीबन 5 किग्रा था। अवैध रूप से रखा हुआ



पाया गया। उपरोक्त की गई कार्यवाही में मौके से वन्यप्राणियों के अवैध शिकार तथा अवैधानिक सामग्री के संग्रहण के आरोप में सदन पारधी पिता लोकन पारधी, उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम मोहरबा, थाना बदेरा, जिला मैहर, तुलसाबाई पारधी पति रामकुमार पारधी, उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम मोहरबा, थाना बदेरा, जिला मैहर,अजीत पारधी पति आंखे पारधी,उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम मोहरबा,थाना बदेरा,जिला मैहर को वन विभाग की अभिरक्षा में लेकर कार्यवाही की जा रही है।दबिश कार्यवाही के दौरान मौके से तीन संलिप्त आरोपी मौके से फरार हुए हैं जिनकी पतासाजी की कार्यवाही प्रचलन में है। प्राथमिक विवेचना उपरान्त संबंधित आरोपियों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 959/07 पंजीबद्ध किया जाकर विधि अनुसार कार्यवाही प्रगतिरत है। इस उपरोक्त समस्त कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक भदनपुर शिवकुमार वर्मा वनपाल,सुरजीत सिंह वनपाल परिक्षेत्र सहायक अमदरा,रामनिवास रावत कार्यवाहक वनपाल,व्यास कुमार पाण्डेय कार्यवाहक वनपाल,वैजनाथ वर्मा कार्यवाहक वनपाल,शिवम परौहा वनरक्षक,विनीता गुप्त वनरक्षक, श्रीमती माधुरी चतुर्वेदी वनरक्षक,सुशील पाण्डेय वनरक्षक,घनश्याम कचेर वनरक्षक,देवेन्द्र किशोर त्रिपाठी वनरक्षक,बालमीक कोल वनरक्षक,रविशंकर शर्मा वनरक्षक,कृष्णचन्द्र मिश्रा वनरक्षक के साथ वन परिक्षेत्र मैहर एवं अमरपाटन के सुरक्षा श्रमिक का सराहनीय योगदान रहा।

# जंगल से लेकर खेतों तक आग, चित्रकूट सड़क मार्ग पर धुएं से आवागवन प्रभावित









**सतना। जिला प्रशासन भले ही किसानों को सलाह दे रहा है कि वह नरवई नहीं जलाएं,लेकिन इस तरह की घटना रोकने का नाम नहीं ले रही। सनद रहे कि इस तरह के मामले में कई किसानों के खिलाफ कोटवार और हल्का पटवारी की रिपोर्ट पर फिर भी दर्ज की जा चुकी है। उधर जंगल में फैली आग भी रोकने का नाम नहीं ले रही है हालत यह है कि आज बढ़ते बढ़ते सड़क तक पहुंच गई है जिसकी वजह से आवा गमन में नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

### कटे हुए खेतों में लगाई आग

रेरुआ गांव में कटे हुए खेतो में किसी ने आग लगा दी। बताया जाता है कि सूचना के बाद भी अग्नि शामक वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। नागौद तहसील के रेरुआ गांव में कटे हुए खेतों में आग किसने लगाई इस बात की भी जानकारी फिलहाल नहीं मिल सकी है।आग की लपटें कृषक जीवन लाल यादव समेत अन्य किसानों के घरों तक पहुंची गई। गनीमत यह रही की कोई बड़ी वारदात यहां नहीं हुई। इलाके के लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया।

### सतना-चित्रकूट मार्ग पर धुंआ ही धुंआ

मझगंवा वन परिक्षेत्र के हिरोंदी से लगे जंगल में उठी आग की लपटे अब मुख्य सड़क मार्ग तक पहुंच चुकी है। सड़क मार्ग के दोनों तरफ आग होने की वजह से आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धुएं की वजह से सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है। बीते दिवस लगी इस आग को रोकने में वन विभाग 24 घंटे से अधिक वक्त गुजरने के बाद भी विफल है।

### रैगांव क्षेत्र में भी नरवाई जलाई

रैगांव क्षेत्र में भी नरवाई में आग लगाई गई है। हवा की वजह से देखते ही देखते आग नारायण पुर कल्लाई क्षेत्र में फैल गई। जिसकी वजह से यहां पर लोगों को भारी परेशानी हो रही है। और देखनी है कि पिछले साल इस तरह की घटना को लेकर के कुछ लोगों के खिलाफ कार्यवाही भी की गई थी।

### गेहूं से लोड ट्रेक्टर ट्राली में लगी

रामनगर में गेहूं से लोड एक ट्रैक्टर ट्राली में आग लगने से कटी हुई फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में ट्रैक्टर को भी भारी नुकसान पहुंचा है। जानकारी के मुताबिक जिले के रामनगर अंतर्गत बूढ़ा बाउर गांव में एक किसान कटी फसल ट्रेक्टर में लोड करके ले जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में बिजली की झूलती तार के चपेट में आने से आग लग गई।

## मैहर में बर्बाद हुई सिंघाड़े की फसल का नहीं मिला मुआवजा

### दर्जनों किसानों ने भरी धूप में जमीन पर लेटे-लेटे कलेक्टर कार्यलय पहुंच कर दिया ज्ञापन

**मैहर।** मैहर जिले के सिगरहा समाज के किसानों ने सिघाड़े की फसल को हुए भारी नुकसान के बाद अब शासन-प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है। दर्जनों किसानों ने भरी धूप होते हुए भी बच्चों के साथ-साथ बूढ़े बुजुर्ग किसानों ने गर्म जमीन पर लेटे-लेटे कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। इस समस्या को लेकर किसानों का कहना है कि वर्ष 2024 में आई बाढ़ और सिघाड़े की फसल पर फैली बीमारी के चलते लगभग 80 से 90 प्रतिशत फसल पूरी तरह नष्ट हो गई जिसकी सूचना पहले ही संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दी जा चुकी है लेकिन आज तक कोई कार्यवाही न ही किसी प्रकार मुआवजा दिया गया है। किसानों ने बताया कि 27 जुलाई 2024 को अनुविभागीय अधिकारी रामनगर, 5 अगस्त 2024 को कलेक्टर कार्यालय मैहर,और 31 दिसंबर 2024 को जनसुनवाई में इस नुकसान की जानकारी दी गई थी। उद्यानिकी विभाग सतना के उपसंचालक द्वारा जांच प्रतिवेदन में भी नुकसान की पुष्टि की गई लेकिन अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। प्रभावित किसानों ने कृषि मंत्री,राजस्व मंत्री और जिला कलेक्टर को संबोधित आवेदन के माध्यम से मुआवजा शीघ्र दिलवाने की मांग की है। किसानों ने यह भी कहा कि प्राकृतिक आपदा और रोगजनित संकट के कारण उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है,ऐसे में शासन द्वारा शीघ्र सहायता दी जानी चाहिए। किसानों ने चेताया कि यदि जल्द ही मुआवजा नहीं मिला तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

### पुलिस कर्मियों की परेड

**मैहर।** पुलिस बल में अनुशासन बनाए रखने व पुलिस जवानों की चुस्ती और स्फूर्ति को बरकरार रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर द्वार जनरल परेड ली गई। परेड में नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक उपस्थित रहे। परेड का संचालन सूबेदार नृपेंद्र सिंह द्वारा किया गया। जनरल परेड में पुलिस अधीक्षक कार्यालय,पुलिस लाइन व विभिन्न थानों का बल उपस्थित रहा।

### आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा कर्मचारी संघ

**मैहर।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला मैहर कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के तत्वाधान में दिनांक 23 अप्रैल 2025 को कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन भोपाल प्रमुख सचिव,मध्यप्रदेश शासन भोपाल एवं प्रमुख सचिव वित्त विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम से कलेक्टर जिला-मैहर को ज्ञापन दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन अब सुबह 7 बजे से


**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने वर्तमान में तापमान में बढ़ोत्तरी एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया है। केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति का समय सुबह 7 से 10 बजे तक नियत रहेगा।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से नव युवक हुआ घायल, रात भर घटना स्थल पर पड़ा रहा घायल युवक



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज सिमरिया सड़क मार्ग पर हिनौता गांव के समीप स्थित आटा चक्की के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने राह चलते युवक को टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया घटना देर रात घटित होने के कारण घायल युवक असहाय अवस्था में रात भर मोके पर घटनास्थल पर ही पड़ा रहा और सुबह होते ही राहगीरों की मदद से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु पहुंचा जहां प्राथमिक उपचार उपरांत युवक को जिला चिकित्सालय पन्ना के लिए रेफर कर दिया गया घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि घायल युवक मोहित कुशवाहा पिता कलुआ उम्र 17 वर्ष निवासी शिमरी बिल्हा अपने घर से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने पड़ोसी गांव की ओर रवाना हुआ था और वापस घर की ओर जा रहा था जहाँ हिनौता गांव आटा चक्की के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार मोटर बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उसे टक्कर मारी और मौके से निकल गया इस घटना में युवक मोहित का वाया पेर बुरी तरह चोटिल हो गया जिसका इलाज जिला चिकित्सालय पन्ना में होना बताया गया युवक अत्यंत गरीब और असहाय बिन बाप का लड़का बताया गया मौके पर उसे कोई वेन उपलब्ध नहीं हुई तब गांव के ही कुछ लोगों द्वारा अपना निजी पैसा खर्च करके निजी वाहन से उसे पन्ना भेजा गया चिकित्सालय में बैंन का होना अत्यंत आवश्यक है ऐसी स्थिति में गरीब मरीजों को भारी संकट उत्पन्न हो जाता है आज 108 वाहन भी समय से उपलब्ध नहीं था।

### अजयगढ़ बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय के पीछे नवजात शिशु का शव मिलने से हडकंप



**अजयगढ़।** अजयगढ़ बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय के पीछे आज दिनांक 22 अप्रैल को दोपहर लगभग 1 बजे एक पत्थर के नीचे नवजात शिशु का शव मिलने से हडकंप मच गया है मौके पर काफी भीड़ एकत्र हो गई सूचना मिलते ही अजयगढ थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और पंचनामा उपरांत नवजात शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के द्वारा सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह नवजात शिशु का शव यहां कैसे पहुंचा, फिलहाल नगर में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं, कोई कह रहा है कि किसी बिन ब्याही मां ने अपने पाप को छिपाने के लिए नवजात शिशु को ठिकाने लगाया है तो कोई कह रहा है कि शायद किसी अन्य कारण से यहां नवजात शिशु के शव को फेंक दिया गया होगा, लेकिन मामले की हकीकत तो पुलिस विवेचना के बाद ही सामने आएगी, फिलहाल पुलिस के द्वारा सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

### आगामी चुनाव को लेकर युवा कांग्रेस की बैठक संपन्न



**पन्ना।** युवा कांग्रेस के अध्यक्षकी चुनावी प्रक्रिया पूरे मध्यप्रदेश में जारी की है जिसमें सभी जिलों में कांग्रेस के अध्यक्षों का चयन होगा कांग्रेस के सागर संभाग प्रभारी शेखर नालवंशी की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी द्वारा की गई संभागीय प्रभारी श्री शेखर ने बताया बताया युवक कांग्रेस का सदस्यता अभियान चलेगा 27 अप्रैल से 6 मई तक नामांकन प्रक्रिया होगी एवं उसके बाद अभ्यर्थियों द्वारा डाले गए नॉमिनेशन की स्कूटनि की जाएगी तथा 11 मई को चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची जारी होगी बैठक में अनेक लोग शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष अक्षय तिवारी मार्तंड देव बुंदेला डॉक्टर कदीर खान भूपेंद्र सिंह परमार पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष दीपक तिवारी वैभव थापक रेहान मोहम्मद राकेश शर्मा अनुज श्रीवास बीएन जोशी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने ग्राम पंचायत द्वारी को दी कई सौगातें



गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा द्वारा आज द्वारी ग्राम पंचायत में कई विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया।

**पन्ना।**

इन कार्यों में हनुमान जी मंदिर के पास 24.99 लाख रुपए की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन करने के साथ ही 14.99 लाख रुपए की राशि से निर्मित पंचायत भवन, 6 लाख रुपए की राशि से निर्मित सीसी रोड और नाली निर्माण कार्यों का विधायक डॉ. वर्मा ने भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि विकास कार्यों में राशि की कमी बाधक नहीं बनेगी। विधानसभा के प्रत्येक गांव में सीसी रोड और नाली निर्माण जैसे मूलभूत विकास कार्य करवाएंगे। ग्राम के जरूरी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए सरकार की विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ जरूर लें। विकास कार्यों में शिकायत या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे होंगे। कार्यक्रम में प्रशांत चतुर्वेदी, सुदामा पटेल, रणमत राजा, उदय विशन, दशरथ गुप्ता, कमलेश पांडेय, दीपक यादव, लकी राजा, सत्येंद्र, रवि खरे, जगदीश पटेल, अशोक चनपुरिया, विनोद शर्मा एवं ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

# एक और दो के सिक्कों का 'बहिष्कार'
# देवेंद्रनगर में चलन से बाहर वैध मुद्रा!

### पांच का सिक्का चलन में लेकिन पाँच के नोट को लेकर भी असहजता, छोटे लेन-देन बन रहे बड़ा सिरदर्द

**पन्ना।**

देवेंद्रनगर की गलियों से लेकर मुख्य बाजार तक, एक विचित्र लेकिन चिंताजनक प्रवृत्ति फैल चुकी है1 और 2 के सिक्के अब कोई नहीं लेता, न दुकानदार, न ग्राहक। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि इन सिक्कों का व्यवहारिक चलन लगभग दस वर्षों से समाप्तप्राय है। यह विडंबना ही है कि भारत सरकार द्वारा जारी यह वैध मुद्रा अब आम जनता के बीच श्अमान्यश जैसी स्थिति में पहुँचा दी गई है, और कोई स्पष्ट कारण नहीं, केवल भ्रांतियों और मनमाने व्यवहार के चलते। इतना ही नहीं, 5 के नोट को लेकर भी बाजारों में असहजता देखी जाती है। सिक्का चलेगा, लेकिन नोट देते ही सामने वाला चेहरा सिकोड़ लेता हैकृकभी दुकानदार, तो कभी ग्राहक।

**परिणाम क्या है?-**

बाजार में फुटकर यानी खुले पैसे के लिए संघर्ष10, 20, 50 के नोटों की अनावश्यक माँग। छोटे व्यापारियों और आम जनता के बीच लेन-देन में टकराव और असहजता 'समस्या सिर्फ मुद्रा की नहीं, मानसिकता की है। जब तक जनता को यह भरोसा नहीं दिलाया जाएगा कि 1, 2 के सिक्के और 5 का नोट भी उतने ही अधिकृत और मान्य हैं, तब तक यह असंतुलन बना रहेगा। यह केवल एक तकनीकी नहीं, बल्कि एक सामाजिक और मानसिक स्थिति है, जहाँ भ्रम, सुनी-सुनाई बातों और लापरवाही ने वैध मुद्रा को बाजार से बाहर कर दिया है।

**समाधान के लिए आवश्यक है-**

सरकार और रिजर्व बैंक की ओर से स्थानीय स्तर पर विशेष जन-जागरूकता अभियान बैंक शाखाओं और प्रशासन द्वारा सक्रियता से बाजारों में छोटे मूल्य की मुद्रा की आपूर्ति सख्ती से निर्देश कि वैध मुद्रा को अस्वीकार करने पर दंडात्मक कार्रवाई संभव है। आर्थिक अनुशासन, मुद्रा का सम्मान और व्यावसायिक व्यवहारकृतीनों के संतुलन के लिए यह आवश्यक है कि हर सिक्का और हर नोट को उसका हक मिले।

**बैंक अधिकारियों ने क्या कहा?**

"1 और 2 के सिक्के भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मान्य वैध मुद्रा हैं। इन्हें न स्वीकार करना कानूनन गलत है और इससे आर्थिक अनुशासन पर भी असर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो छोटे लेन-देन के लिए ये सिक्के बहुत उपयोगी होते हैं। हमारी शाखा में पर्याप्त मात्रा में छोटे मूल्य की मुद्रा उपलब्ध है, और हम समय-समय पर बाजार में इनकी आपूर्ति करते हैं। साथ ही, हम आम जनता और व्यापारियों से अनुरोध करते हैं कि वे इस प्रकार की भ्रांतियों से बचें और हर वैध मुद्रा का सम्मान करें।"

**किशन थापा'**
**मैनेजर, मध्यांचल ग्रामीण बैंक, देवेंद्रनगर'**

"यह एक गंभीर मानसिकता की समस्या है कि लोग 1, 2 के सिक्कों और 5 के नोट को व्यवहार से बाहर कर रहे हैं। ऐसे व्यवहार से न केवल रोज़मर्रा के लेन-देन प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि अर्थव्यवस्था के निचले स्तर पर असंतुलन भी पैदा हो रहा है। इंडियन बैंक की ओर से हम जनता को जागरूक करने के लिए तैयार हैं और यदि प्रशासन सहयोग करे, तो एक व्यापक अभियान भी चलाया जा सकता है। वैध मुद्रा को नकारना स्वयं नियमों की अवहेलना है, और इससे बचना चाहिए।"

**'अश्वनी शर्मा'**
**'मैनेजर, इंडियन बैंक, देवेंद्रनगर'**

**'स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक का वक्तव्य' भारतीय स्टेट बैंक, देवेंद्रनगर**

"आरबीआई के दिशा-निर्देश स्पष्ट हैंकृहर मूल्य की वैध मुद्रा को स्वीकार करना हर नागरिक और व्यापारी की जिम्मेदारी है। 1 और 2 के सिक्कों को न लेना या 5 के नोट पर शक करना गलत प्रवृत्ति है। हमारी बैंक शाखा में ग्राहकों को समय-समय पर सही जानकारी दी जाती है, और हम प्रयासरत हैं कि छोटे मूल्य की मुद्रा की आपूर्ति बाजार में बनी रहे। आवश्यकता है कि सभी बैंक, प्रशासन और मीडिया मिलकर इस मुद्दे पर जागरूकता फैलाएँ ताकि कोई भी मुद्रा श्चलन से बाहरश न हो, जब तक वह विधिसम्मत है।"

# पन्ना पुलिस द्वारा 5 हजार रुपये के ईनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

### आरोपी सिमरिया थाना क्षेत्रान्तर्गत हत्या के प्रयास के मामले में था फरार



**पन्ना।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस0 थोटा के निर्देशन मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व एसडीओपी पवई श्री राजेद्र मोहन दुबे एवं थाना प्रभारी सिमरिया जे0 पी0 सिंह के नेतृत्व मे टीम गठित कर मामले के फरार आरोपी धीरु उर्फ धीरेन्द्र दीक्षित को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। दिनांक 20/1/25 को फरियादी थाना सिमरिया उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि आरोपी निखिल दीक्षित, सुधीर उर्फ मुरली मनोहर दीक्षित, रघु दीक्षित ,धीरु उर्फ धीरेद्र दीक्षित सभी निवासी लुधनी के द्वारा हत्या करने कि नियत से गालिया देकर लाठी डंडो से मारपीट किया गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिमारिया मे अपराध क्र 30/25 धारा 109(1), 333, 331(4), 332(ठ) ,296,115(2) 118(2) ,3(5) ठ.छै.. का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना की गई । विवेचना दौरान आरोपी मुरली मनोहर उर्फ सुधीर दीक्षित, निखिल दीक्षित, रघुनाथ उर्फ रघु दीक्षित निवासी लुधनी थाना सिमरिया को दिनांक 20/1/25 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पवई मे पेश किया गया है। मामले मे पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस0 थोटा द्वारा फरार आरोपी धीरेन्द्र उर्फ धीरु दीक्षित की तलाश पतारसी कर गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था एवं आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 5000/- रुपये के नगद ईनाम की घोषणा की गई थी।' पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एसडीओपी पवई श्री राजेद्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सिमरिया जे पी सिंह के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया उक्त पुलिस टीम द्वारा मामले के फरार ईनामी आरोपी धीरेन्द्र उर्फ धीरु दीक्षित की तलाश-पतारशी की गई। जिसके फलस्वरूप थाना प्रभारी सिमरिया को उक्त आरोपी के ग्राम लुधनी मे होने की सूचना प्राप्त हुई जिसपर गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 20/4/25 को उक्त आरोपी को ग्राम लुधनी से गिरफ्तार किया गया। जिसे माननीय न्यायालय पेश किया गया है जहां जेल वारण्ट प्राप्त होने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी-** धीरेन्द्र उर्फ धीरु दीक्षित पिता कौशल प्रसाद दीक्षित उम्र 33 साल निवासी लुधनी थाना सिमरिया पन्ना।

**सराहनीय योगदान-** थाना प्रभारी सिमरिया जे.पी. सिंह, चौकी प्रभारी मोहन्द्रा उनि. स्मिता सिंह बघेल, प्र.आर. अनिल गर्ग, आर. राहुल पटेल, संजय पटेल का सराहनीय योगदान रहा।



# प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला जेल पन्ना का किया औचक निरीक्षण



**पन्ना** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय द्वारा मंगलवार को जिला जेल पन्ना का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जेल किचन में भोजन व्यवस्था और खाने एवं बंदियों के लिए उपयोग में लाए जा रहे अनाज की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया।


प्रधान जिला न्यायाधीश ने पुरूष एवं महिला बैरक, जेल अस्पताल के व्हीसी एवं कियोस्क कक्ष तथा मुलाकात एवं उद्यमिता कक्ष इत्यादि का भी पृथक-पृथक निरीक्षण कर स्वच्छता एवं हाईजीन की जानकारी ली। साथ ही सभी बंदियों से मुक्त चर्चा कर समस्याओं के बारे में पूछा एवं उचित मामलों में न्यायालय व प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय में अपील के लिए निःशुल्क निर्णय प्रति प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए। यूटीआरसी द्वारा अनुशंसित बंदियों के जमानत एवं रिहाई के संबंध में जानकारी लेकर जेल चिकित्सालय एवं महिला बैरक का निरीक्षण कर स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। प्रभारी जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा को बंदियों के स्वास्थ्य, खानपान व अन्य आवश्यक सुधार के लिए दिशा निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन भी उपस्थित रहे। प्रभारी जेल अधीक्षक द्वारा बंदियों को प्रदत्त जानकारी को अमल में लाने के लिए प्रेरित किया गया।

# पन्ना जिला जल अभाव क्षेत्र घोषित

**पन्ना**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 के तहत जनहित में पन्ना जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। जिले के सभी ब्लॉक और नगरीय क्षेत्रों में उक्तादेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गया है। यह आगामी 20 जुलाई तक लागू रहेगा।

जिला मजिस्ट्रेट ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना के कार्यपालन यंत्री द्वारा सिंचाई इत्यादि कार्यों में भू-गर्भीय जल का अत्यधिक दोहन होने के कारण पेयजल स्त्रोतों के जल स्तर में कमी आने तथा इससे नलकूपों व अन्य जल स्त्रोतों के जल स्तर में तेजी से गिरावट दर्ज होने सहित जिले में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित होने की संभावना संबंधी प्रस्तुत प्रतिवेदन के दृष्टिगत जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की कार्यवाही की है। ईई पीएचई द्वारा पेयजल संकट के स्थिति के मद्देनजर एवं सार्वजनिक पेयजल स्त्रोतों की क्षमता प्रभावित होने की संभावना के दृष्टिगत निजी नलकूप खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के साथ जनहित में पेयजल व अन्य निस्तार समस्याओं को ध्यान में रखकर आम जनता के लिए पेयजल आपूर्ति की उपलब्धता एवं इसका समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए भी जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की अनुशंसा की गई थी।



**नवीन नलकूप खनन पर रहेगी रोक**


पन्ना जिले में जल अभावग्रस्त क्षेत्र संबंधी आदेश प्रभावशील होने के फलस्वरूप सभी विकासखण्ड और नगरीय क्षेत्रों के समस्त नदी, नालों, स्टॉप डैम, सार्वजनिक कुओं तथा अन्य जल स्त्रोतों का उपयोग एवं घरेलू प्रयोजन के लिए भी इनका उपयोग सुरक्षित किया गया है। साथ ही जिले में निर्धारित अवधि तक कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा निजी ठेकेदार बगैर एसडीएम की अनुज्ञा के किसी भी प्रयोजन के लिए नवीन नलकूप का खनन नहीं कर सकेगा। शासकीय नलकूप खनन पर यह आदेश लागू नहीं होगा। इसके अलावा बगैर अनुमति के कोई भी व्यक्ति शासकीय भूमि पर स्थित जल स्त्रोतों में पेयजल एवं घरेलू प्रयोजनों को छोड़कर अन्य किसी भी प्रयोजन के लिए नहरों में प्रवाहित जल के अलावा अन्य स्त्रोतों का जल दोहन एवं किन्हीं भी साधनों द्वारा जल का उपयोग नहीं कर सकेगा। स्वयं की निजी भूमि पर नलकूप खनन कार्य के लिए संबंधित एसडीएम को निर्धारित प्रारूप एवं नियत शुल्क के साथ आवेदन करना आवश्यक है।

जिल मजिस्ट्रेट द्वारा नलकूप खनन की अनुज्ञा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को उनके क्षेत्राधिकार अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी बनाया गया है। एसडीएम द्वारा अनुमति के पूर्व आवश्यक जांच और परीक्षण की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। साथ ही अनुमति के संबंध में संबंधित जनपद पंचायत सीईओ, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी से भी अभिमत प्राप्त करना होगा। एसडीएम सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत सूख जाने के कारण तथा वैकल्पिक रूप से दूसरा कोई सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत उपलब्ध नहीं होने पर जनहित में निजी पेयजल स्त्रोतों का निर्धारित अवधि के लिए अधिग्रहण करने के साथ आदेश के उल्लंघन पर अधिनियम की धाराओं में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही कर सकेंगे। आदेश का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश समस्त अनुविभागीय मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी, पीएचई के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी, नगरीय निकायों के सीएमओ, जनपद पंचायत सीईओ तथा समस्त ग्राम पंचायत सचिवों को दिए गए हैं।

# जन कल्याण क्षेत्रीय विधायक ने अमानगंज में आरंभ किये तीन समरस प्याऊ

**अमानगंज।**

जल ही जीवन है पढ़ती गर्मी में पानी है तो सब कुछ है और पानी नहीं तो कुछ भी नहीं इस बात का ध्यान देते हुए क्षेत्रीय गुन्नौर विधायक डॉ राजेश जी वर्मा का जन कल्याण की ओर आज एक और कदम बढ़ा जब उन्होंने अमानगंज नगर में तीन स्थानों पर अपने समरस प्याऊ आरंभ कर दिए बढ़ती गर्मी बढ़ता तापमान अब पल-पल में आम जनता को पानी की ओर खींचता है ऐसे मौके में पानी पिलाने का एक बड़ा पुण्य और बड़ा महत्व होता है तो मोके का लाभ लेते हुए विधायक जी नगर में सबसे पहले यह सेवा आरंभ कर दी और नगर के तीन स्थानों पर इसकी शुरुआत आज पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच आम जनता को पानी पिलाने के साथ की नया बस स्टैंड स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के टीक बगल से पुराना बस स्टैंड मुख्य सड़क मार्ग पर और उसके मध्य में विधायक जी ने अपने बंगले के ठीक बगल से यह सेवा शुरू कर दी शुरू करने के पहले वैदिक मंत्र उच्चारण करते हुए तीनों ही स्थान पर विधिवत रूप से भगवान गणेश जी की वंदना करते हुए फीता काटा और कहां की जल से ही दुनिया हमारी आपकी सबकी है इस मौके पर हमें हर किसी व्यक्ति को पानी देना है आयोजन के विशेष मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा (डब्बू भैया) वरिष्ठ भाजपा नेता जयप्रकाश चतुर्वेदी राम बिहारी चौरसिया पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा , सुशील त्रिपाठी , मंडल अध्यक्ष भाजपा डॉ प्रशांत चतुर्वेदी लल्लू लाल रामलाल शारदा खटीक ललित तिवारी अरविंद दुबे चंदन पाठक रामू सोनी वरुण पाठक दशरथ गुप्ता प्रदीप अवस्थी कमल जैन लकी राजा सुजय सिंह अरुण तिवारी शीलू राम अवतार पांडे दीपक यादव आनंद सिंह राजपूत बृजेश सोनी संजय चौरसिया पार्षद दीपेंद्र मौर्य मनीष तिवारी रामू रावत रामू चौधरी आदी आदी पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।




# आत्महत्या के लिए उकसाने वाला 5000 इनामी आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अमानगंज।** पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में फरार आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। अमानगंज के वार्ड क्रमांक 4 निवासी पूर्व हाफिज अब्दुल मुस्तफा पिता अला बॉक्स सौदागर उम्र 49 वर्ष के विरुद्ध कुछ दिन पहले अत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी फरार चल रहा था, जहां पुलिस अधीक्षक पन्ना ने फरार आरोपी के विरुद्ध 5000 का इनाम घोषित किया था मुखबिर की सूचना पर दिनांक 21.4.2025 को थाना प्रभारी अमानगंज के द्वारा गठित टीम उप निरीक्षक डीपी मिश्रा, आरक्षक लखन पटेल ने पन्ना बस स्टैंड से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया जो माननीय न्यायालय द्वारा जल्द वारंट जारी करने पर पन्ना जेल में दाखिल किया गया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लंबे समय से आरोपी एवं रोजी बी का प्रेम प्रसंग चल रहा था और निकाह भी कर लिया था रोजी बी द्वारा अपने घर में रखने के लिए कहने पर आरोपी हाफिज अब्दुल के द्वारा घर में रखने से मना करने पर रोजी बी द्वारा आत्महत्या करने के लिए आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने पर रोजी बी द्वारा दिनांक 23/10/2024 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई थी, जहां थाना अमानगंज में मार्ग क्रमांक 79 /24 धारा 194 बी एन एस एस अपराधक्रमांक 629 / 24 धारा 108 बी एन एस पंजीबद्ध किया गया था।।

## खबर संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**छतरपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिकौरा में बीती शाम करंट लगने से एक 24 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि बिकौरा निवासी अजय पटेल अपने घर पर था, तभी आंगन में उसका पैर फिसल गया और वह गिर पड़ा। गिरते समय उसका हाथ घर में लगे बिजली के खुले तारों से टकरा गया, जिससे उसे तेज करंट लगा और वह मौके पर ही अचेत हो गया। परिजनों ने तुरंत उसे महाराजपुर उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद से परिजनों में शोक की लहर है। गांव में मातम का माहौल छा गया है।

### विधायक के जन्मदिन पर मंडल अध्यक्षों किया फल वितरण



**छतरपुर।** छतरपुर विधायक ललिता यादव के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्षों द्वारा सेवा कार्य किए गए। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों ने दर्शना वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां निवासरत बुजुर्गों को फल वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों ने विधायक ललिता यादव के स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। मंडल अध्यक्षों ने बताया कि यह आयोजन विधायक के सामाजिक सरोकार और जनसेवा की भावना को समर्पित है। कार्यक्रम में छतरपुर विधानसभा के विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

### गरीब महिला की जमीन पर दबंगों का कब्जा



**छतरपुर।** जिले के ग्राम कुटिया निवासी रेखा पटेल ने जनसुनवाई में आवेदन देकर दबंगों द्वारा खेत पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि खेत पर कब्जा करने वाले लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, वहीं शिकायत के बावजूद थाना पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पीड़िता रेखा पटेल ने बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती है। उसके पति कल्लू पटेल की दो वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। पति के नाम दर्ज कृषि भूमि अब राजस्व रिकॉर्ड में रेखा पटेल के नाम दर्ज है। जब वह खेत जुतवाने पहुंची तो गांव के ही रामप्यारे पटेल, हल्के पटेल और अखलेश पटेल ने खेत पर आकर गाली-गलौच की और खेत को अपनी बताकर धमकी दी कि यदि शिकायत की तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। पीड़िता ने बताया कि जब वह रिपोर्ट दर्ज कराने बमीठा थाने गई तो पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की और उसे भगा दिया। रेखा ने कलेक्टर से मांग की है कि उसकी भूमि पर से दबंगों का कब्जा हटाया जाए और उसे न्याय दिलाया जाए।

### स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने की संभावना, सरकार पर लगे वादाखिलाफी के आरोप

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी

**छतरपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। यह आंदोलन संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश के बैनर तले चल रहे चरणबद्ध आंदोलन का हिस्सा है।



हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का कहना है कि वे बीते 20 वर्षों से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भी उन्होंने जान जोखिम में डालकर सेवा दी। इसके बावजूद शासन द्वारा उनके साथ वादा खिलाफी की गई है। कर्मचारियों ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 4 जुलाई 2023 को भोपाल में आयोजित महापंचायत में संविदा कर्मियों के हित में कई घोषणाएं की गई थीं। उसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने 23 जुलाई 2023 को संविदा नीति की सौगात दी थी, लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल द्वारा घोषित सुविधाओं में कटौती कर दी गई है। विरोधस्वरूप संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने 16 अप्रैल को वादाखिलाफी रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था। बावजूद इसके शासन की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे नाराज होकर जिले के सभी संविदा स्वास्थ्य कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ सकता है। कर्मियों ने चेतावनी दी है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लेती, आंदोलन जारी रहेगा।

## जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने की हड़ताल, मरीजों को हुई भारी परेशानी



**छतरपुर।** जिला अस्पताल में शनिवार की सुबह डॉक्टर राजेश मिश्रा की सेवा समाप्ति और डॉक्टर जी.एल. अहिरवार के निलंबन के विरोध में डॉक्टरों ने हड़ताल कर दी। डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई एकतरफा और अनुचित है, जिससे वे असंतुष्ट हैं। सुबह 9 बजे से 11 बजे तक हुई इस हड़ताल के दौरान ओपीडी सेवाएं पूरी तरह बंद रहीं, जिससे इलाज कराने आए मरीजों को खासा परेशान होना पड़ा। इमरजेंसी सेवाएं चालू थीं, लेकिन सामान्य मरीजों को लौटना पड़ा। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों जिला अस्पताल में एक बुजुर्ग के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों पर कार्रवाई की थी। इस मामले में सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता ने बताया कि हड़ताल डॉक्टर राजेश मिश्रा की सेवा समाप्ति और डॉक्टर जी.एल. अहिरवार के निलंबन के विरोध में की गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जल्द समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## एसडीएम पर लगे तानाशाही और पद का दुरुपयोग करने के आरोप

### अधिवक्ता की गिरफ्तारी से वकीलों में नाराजगी, एसपी को सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के बारी गांव के मंदिर विवाद में अधिवक्ता अमित कुमार साहू सहित तीन लोगों पर मामला दर्ज किए जाने और अधिवक्ता को जेल भेजे जाने के बाद जिले के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश है। नाराज अधिवक्ताओं ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। अधिवक्ता रवि पांडे ने बताया कि 19 अप्रैल को बारी गांव के मंदिर में कुछ लोगों ने शिकायत की थी कि उन्हें मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। इसी शिकायत के बाद एसडीएम गांव पहुंचे थे। जब वे बेल्ट पहनकर मंदिर के गर्भगृह में जाने लगे तो स्थानीय लोगों ने उनसे बेल्ट उतारने का आग्रह किया था जिसके बाद एसडीएम ने विवाद खड़ा कर दिया और अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अधिवक्ता अमित कुमार साहू सहित तीन लोगों पर प्रकरण दर्ज करवा दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि मामले की सच्चाई छुपाने के लिए एसडीएम द्वारा मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे हटवा दिए गए हैं। यह पूरी कार्रवाई एसडीएम की तानाशाही और मनमानी को दर्शाती है। अधिवक्ताओं ने इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए कड़ा विरोध जताया है और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही गिरफ्तार अधिवक्ता को शीघ्र रिहा करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## हैप्पी सीडर से करें सीधी बुवाई, मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ेगी



**छतरपुर।** खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रशासन ने सख्ती बरती है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर कमेटी गठित की गई है। इस कमेटी में पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी शामिल किए गए हैं। यह कमेटी सेटेलाइट से प्राप्त जानकारी के आधार पर नरवाई जलाने की घटना की पुष्टि कर प्रतिवेदन तहसीलदार को सौंपेगी। प्रतिवेदन के आधार पर तहसीलदार संबंधित कृषकों पर दंडात्मक कार्रवाई करेंगे।

पर्यावरण सुरक्षा हेतु नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के अनुसार नरवाई जलाने पर 2 एकड़ से कम भूमि वाले किसानों को 2500 रुपये, 2 से 5 एकड़ वाले को 5000 रुपये और 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को 15000 रुपये प्रति घटना जुर्माना देना होगा। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों की नरवाई को न जलाएं, बल्कि उसका उचित प्रबंधन करें। स्ट्रारीपर, रिवर्सिबल प्लाऊ, रोटावेटर जैसे कृषि उपकरणों की मदद से नरवाई को मिट्टी में मिलाया जाए। इससे न केवल मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ेगी, बल्कि अग्निकांड जैसी घटनाओं से भी बचा जा सकेगा। नरवाई प्रबंधन के लिए हैप्पी सीडर सुपर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग कर किसान बिना नरवाई जलाए सीधे बुवाई कर सकते हैं। इससे उत्पादन लागत घटती है और मृदा की गुणवत्ता में सुधार होता है। किसान भाई इन उपायों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और दंडात्मक कार्रवाई से बचें।

## सरकारी अस्पताल में अव्यवस्थाएं चरम पर, भीषण गर्मी में मरीज हो रहे बेहाल



**हरपालपुर।** नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भीषण गर्मी के बीच इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में न तो ठंडे पानी की व्यवस्था है, न ही पंखे-कूलर चल रहे हैं। बिजली जाने पर काम आने वाला जनरेटर और इन्वर्टर भी खराब पड़े हैं, जिससे अस्पताल का पूरा सिस्टम अस्त-व्यस्त हो गया है। मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि अस्पताल में दो वाटर कूलर तो हैं, लेकिन एक खराब है और दूसरे में गर्म पानी आता है। मरीज और उनके परिजन बाहर से 20 रुपए की पानी की बोतल खरीदकर लाने को मजबूर हैं। वहीं अस्पताल में पंखे और कूलर भी काम नहीं कर रहे हैं, जिससे मरीजों की हालत और बिगड़ रही है। गर्मी की शुरुआत में ही अस्पताल की यह स्थिति चिंताजनक है। आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में मरीज यहां पहुंचते हैं, लेकिन प्राथमिक सुविधाएं भी उन्हें नहीं मिल पा रहीं। उक्त हालातों की जानकारी मिलने पर मंगलवार को बीएमओ डॉक्टर रविंद्र पटेल ने हरपालपुर अस्पताल का निरीक्षण किया और स्टाफ की ड्यूटी लगाई। साथ ही उन्होंने पेयजल, पंखे और कूलर संबंधी समस्याओं को जल्द ठीक कराने का भरोसा दिलाया है। मरीजों और उनके परिजनों ने मांग की है कि प्रशासन अस्पताल की बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दे, जिससे इलाज के लिए आने वाले लोगों को राहत मिल सके।

## हरपालपुर में स्ट्रीट फूड विक्रेताओं की जांच, लिए गए नमूने

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने दिया स्वच्छता और मानकों का पाठ



**हरपालपुर।** जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा मंगलवार को हरपालपुर के राजपूत कॉलोनी एवं मेन रोड स्थित स्ट्रीट फूड विक्रेताओं पर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी वंदना जैन, राजस्व निरीक्षक द्वारका प्रसाद गुप्ता और पटवारी आशीष पांडेय ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए फास्ट फूड की गुणवत्ता की जांच की और दुकानदारों को साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने विक्रेताओं को बताया कि खाना बनाते समय दस्ताने पहनना, सिर पर टोपी लगाना, खाद्य सामग्री को ढक कर रखना आवश्यक है। इसके अलावा, अजीनोमोटो, मोनो सोडियम ग्लूटामेट और रंगों का सीमित उपयोग करने की सलाह दी गई। तेल और मसालों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया और चेताया गया कि एक ही तेल को तीन बार से अधिक न गर्म करें, क्योंकि इससे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। जांच के दौरान खुशी फास्ट फूड कॉर्नर से चाउमीन, मोमोज, मोमोज की चटनी और फ्रेंच फ्राई, हर्ष फास्ट फूड कॉर्नर से समोसे, मोमोज, चटनी और टेस्टी ट्रीट फास्ट फूड से वेज पुलाव व चाउमीन के सैंपल लिए गए हैं। सभी नमूने राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने विक्रेताओं को समय-समय पर जांच के लिए तैयार रहने और तय मानकों के अनुरूप ही खाद्य सामग्री बेचने की सलाह दी है।

### अतिक्रमण में चली गई जमीन, नया पट्टा दिलाने की मांग



**छतरपुर।** अपनी पत्नी और छह बेटियों के साथ मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे घुवारा निवासी मुकेश बसोर ने अधिकारियों से मांग की है कि उसकी जमीन अतिक्रमण की भेंट चढ़ गई है, इसलिए उसे दूसरी जगह पर जमीन का पट्टा उपलब्ध कराया जाए। मुकेश ने बताया कि वह पूर्व में मुख्यमंत्री, कलेक्टर और तहसीलदार सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार आवेदन दे चुका है, लेकिन अब तक उसे कोई राहत नहीं मिली है। उसने बताया कि उसकी पत्नी मानसिक रूप से बीमार है और उसके छह बेटियां हैं। उक्त जमीन ही उसका एकमात्र सहारा थी, जिससे परिवार का पालन-पोषण होता था। मुकेश ने अधिकारियों से अनुरोध किया कि उसकी आर्थिक और पारिवारिक स्थिति को देखते हुए उसे पुनः जमीन का पट्टा दिया जाए, ताकि वह अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके।

### 26 अप्रैल को हनुमान टौरिया मंदिर में लगेगा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**छतरपुर।** हनुमान टोरिया सेवा समिति के द्वारा 26 अप्रैल, शनिवार को नगर के प्राचीन हनुमान टौरिया मंदिर परिसर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर स्व. श्रीमती प्रेम दुलारी बाई असाटी की स्मृति में उनके पुत्र राधेलाल असाटी के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट से आई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों का परीक्षण करेगी। साथ ही मरीजों को निःशुल्क चश्मा और दवाइयाँ भी वितरित की जाएंगी। परीक्षण के दौरान मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों की पहचान कर उन्हें ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा जाएगा। हनुमान टौरिया सेवा समिति ने नेत्र रोग से पीड़ित सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और निःशुल्क नेत्र परीक्षण का लाभ उठाएं। साथ ही शिविर में आने वाले मरीजों को अपना आधार कार्ड साथ लाने की अपील की गई है।

## अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई पिकअप, तीन दर्जन घायल



### वैवाहिक समारोह से लौट रहे थे ग्रामीण, तीन ग्वालियर रेफर

**छतरपुर।** मंगलवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंग्रामपुरा के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। वैवाहिक समारोह से लौट रहे ग्रामीणों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे करीब तीन दर्जन लोग घायल हो गए हैं। तीन लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। घायलों के रिश्तेदार मनोज साहू ने बताया कि सभी लोग सिंग्रामपुरा एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर पिकअप वाहन से वापस अपने गांव लौट रहे थे। तभी सिंग्रामपुरा से दो किलोमीटर दूर वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। इस हादसे में पुष्पा साहू, कार्तिक साहू, काशीराम साहू, राधिका साहू, ब्रजेन्द्र साहू, वर्षा साहू, राजकुमारी साहू, दुर्गा साहू, पूजा साहू, सतिया साहू, नंदकिशोर साहू, संदीप साहू, खरगा साहू, गुड़िया साहू, सुनीता साहू, कस्तूरी बाई साहू, रामकली साहू, विमला साहू, दिनेश साहू, बृजेश साहू, आरती साहू और रक्षा साहू घायल हुए हैं। घटना के बाद सभी घायलों को बड़ामलहरा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जगदीश साहू, हरलाल साहू और दीपा साहू की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया है। अन्य घायलों का जिला अस्पताल और बड़ामलहरा के अस्पताल में इलाज जारी है।

## वोल्वो सीई ने उत्तर भारत में नया डीलर पार्टनर बनाया टाइम इक्विपमेंट को



**सिंगरौली।** वोल्वो कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट (वोल्वो सीई) इंडिया ने आज घोषणा की कि उसने टाइम इक्विपमेंट प्राइवेट लिमिटेड को दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश (एनसीएल सिंगरौली सहित) और उत्तराखंड के लिए अपना अधिकृत डीलर नियुक्त किया है। यह रणनीतिक कदम उत्तर भारत में वोल्वो सीई की ग्राहक पहुँच और सेवा नेटवर्क को और मजबूत करेगा।

फरीदाबाद डीलरशिप मुख्य कार्यालय का उद्घाटन वोल्वो सीई इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री दिमित्रोव कृष्णन और हेड ऑफ प्रोडक्ट एंड रिटेल मैनेजमेंट श्री सुरत मेहता द्वारा किया गया। इस अवसर पर टाइम इक्विपमेंट के डायरेक्टर्स—श्री सचिन चिलाना, श्री सतीश पर्णामी, श्री आर.के. चिलाना और श्री विशाल पर्णामी अपने दल के साथ उपस्थित रहे। यह आयोजन ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने और सेवा उत्कृष्टता को और सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा। इस साझेदारी के ज़रिए वोल्वो कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट का उद्देश्य ग्राहकों की संतुष्टि को बेहतर बनाना है, जिसमें टाइम इक्विपमेंट की स्थापित संचालन क्षमता, गहरी बाजार समझ और मज़बूत ग्राहक संबंधों का लाभ लिया जाएगा। टाइम इक्विपमेंट इन चार प्रमुख राज्यों में बिक्री कार्यालय, पार्ट्स केंद्र और सेवा आउटलेट्स स्थापित कर अपनी ज़मीनी उपस्थिति को मज़बूत करेगा। इस संचालन के लिए 110 से अधिक लोगों की एक टीम, जिसमें 20 सेल्समैन और 60 सेवा इंजीनियर शामिल होंगे, काम करेगी। इससे वोल्वो और एसडीएलजी मशीनें तथा आफ्टरमार्केट सेवाएँ पूरे क्षेत्र में बुनियादी ढाँचा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के लिए अधिक सुलभ हो जाएँगी।

"सरकार की दूरदर्शी सोच से प्रेरित होकर जैसे-जैसे भारत का बुनियादी ढाँचा क्षेत्र आगे बढ़ रहा है, निर्माण और खनन उपकरणों की माँग भी तेज़ी से बढ़ेगी। वोल्वो कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट में हम भारत-केंद्रित समाधानों के साथ इस बदलाव का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टाइम इक्विपमेंट के साथ हमारी यह साझेदारी दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश (सिंगरौली सहित) और उत्तराखंड में हमारी उपस्थिति को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बड़े पैमाने पर संचालन को संभालने की उनकी सिद्ध क्षमता, बाज़ार की गहरी समझ और ग्राहकों से गहरा जुड़ाव उन्हें इस क्षेत्र की तेज़ी से बदलती बुनियादी ढाँचा ज़रूरतों के लिए एक आदर्श डिस्ट्रीब्यूटर बनाते हैं," — श्री दिमित्रोव कृष्णन, प्रबंध निदेशक, वोल्वो सीई इंडिया ने कहा। साल 2006 में स्थापित और फरीदाबाद में मुख्यालय रखने वाली टाइम इक्विपमेंट, उत्तर भारत में निर्माण उपकरणों के वितरण और सेवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में से एक है, जो पूरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर डीलरशिप संचालन के प्रबंधन के लिए जानी जाती है। टाइम इक्विपमेंट एक मज़बूत नेटवर्क का संचालन करती है जिसमें फरीदाबाद, चरखी दादरी, करनाल, देहरादून, हल्द्वानी, लखनऊ, नोएडा, आगरा और अनपरा में स्थित 9 बिक्री कार्यालय, सेवा केंद्र और पार्ट्स ऑफिस शामिल हैं। इस व्यापक उपस्थिति से प्रमुख क्षेत्रों में ग्राहकों को सुलभ, त्वरित और विश्वसनीय समर्थन मिल पाता है। फरीदाबाद और अनपरा (सिंगरौली) में स्थित समर्पित वर्कशॉप्स से साइट पर मरम्मत और रखरखाव कार्य तेज़ी से किए जा सकते हैं। संचालन की नींव के रूप में, फरीदाबाद मुख्यालय में स्थित एक्सपीरियंस एंड अपटाइम सेंटर एक केंद्रीय केंद्र के रूप में कार्य करता है, जहाँ प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और अपटाइम समाधान प्रदान किए जाते हैं।

"उत्तर भारत में वोल्वो कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट के डीलर के रूप में जुड़कर हमें गर्व है। यह साझेदारी हमारी उस प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसमें हम प्रीमियम उपकरण समाधान और विश्वसनीय सेवा समय पर प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है, और हमें आने वाले समय में अपार संभावनाएँ दिख रही हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम वर्ष 2028 तक वोल्वो सीई के साथ 600 करोड़ का कारोबार खड़ा करें," — श्री सचिन चिलाना, निदेशक, टाइम इक्विपमेंट प्रा. लि. ने कहा।

यह साझेदारी वोल्वो सीई की इस प्रतिबद्धता को दोहराती है कि वह भारत के तेजी से विकसित होते इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में एक मज़बूत, सुलभ और ग्राहक-केंद्रित वितरण नेटवर्क तैयार करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है।

वोल्वो कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट के बारे में

वोल्वो कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट (वोल्वो सीई) एक अग्रणी अंतरराष्ट्रीय कंपनी है, जो निर्माण उपकरणों के विकास, निर्माण और विपणन में विशेषज्ञता रखती है। जुनून, जिज्ञासा और हमारे मुख्य उद्देश्य — ऐसी दुनिया का निर्माण करना जिसमें हम जीना चाहते हैं — से प्रेरित होकर, हमने इस उद्योग में एक भरोसेमंद और अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। विभिन्न प्रकार के उत्पादों की पेशकश से आगे बढ़ते हुए, हम विश्व स्तर पर कुशल सेवाएँ और आधुनिक ग्राहक समाधान प्रदान करते हैं। दशकों से चली आ रही हमारी विरासत, नवाचार, टिकाऊपन और उत्कृष्ट गुणवत्ता के प्रति हमारी अडिग प्रतिबद्धता के लिए पहचानी जाती है।

## खबर संक्षेप

### सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अंगदान के लिए किया गया समिति का गठन

**रीवा** । सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा जटिल रोगों के उपचार का केन्द्र बनने के साथ अंग प्रत्यारोपण केन्द्र के रूप में भी विकसित हो रहा है। पिछले एक साल में इस अस्पताल में 6 किड़नी प्रत्यारोपण के सफल आपरेशन किये गये। इन सभी में जिन रोगियों में किड़नी का प्रत्यारोपण किया गया। उन्हें परिवारजनों से ही किड़नी प्राप्त हुई थी। यदि कोई व्यक्ति ब्रोन डेथ हो जाये तो उसके शेष अंग काफी समय तक सक्रिय अवस्था में रहकर कार्य करते रहते हैं। ऐसे व्यक्ति के अंगों का भी जरूरतमंद रोगियों को प्रत्यारोपण किया जा सकता है। इसके लिए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में चार डॉक्टरों की समिति का गठन किया गया है। समिति में डॉ. आलोक प्रताप सिंह, डॉ. रंजीत झा, डॉ. नितिन पाण्डेय तथा डॉ. अक्षय श्रीवास्तव को शामिल किया गया है। इस संबंध में अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव ने बताया कि समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य केडवरिक अंग प्रत्यारोपण को प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से किसी एक ब्रोन डेथ व्यक्ति के विभिन्न अंगों का कई रोगियों को प्रत्यारोपण किया जा सकता है। डॉ. श्रीवास्तव ने आमजनता से रोगियों की जान बचाने के लिए अंगदान करने का संकल्प लेने की अपील की है

### नगरीय निकायों में भी चलाया जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान

**रीवा** । रीवा जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ नगरीय निकायों में भी 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत तालाबों तथा नदियों की साफ-सफाई एवं हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं। मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं भी बनवाई जा रही हैं। नगर परिषद मनगवां में जनप्रतिनिधियों तथा सफाई कर्मियों ने मलकपुर तालाब की साफ-सफाई में श्रमदान किया। नगर परिषद गुढ़ में कष्टहरनाथ मंदिर के समीप नदी में साफ-सफाई कराई जा रही है। नगर परिषद के कर्मचारियों तथा पीएचई विभाग के कर्मचारियों ने तीन हैण्डपंपों में सुधार कराकर उन्हें चालू कराया। हैण्डपंपों में सोकपिट का भी निर्माण कराया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 6 में मढुलियन मंदिर परिसर की साफ-सफाई कराई गई। नगर परिषद चाकघाट, नगर परिषद डभौरा तथा नगर परिषद गोविंदगढ़ में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं।

# संघ लोक सेवा आयोग के क्षितिज में चमके रीवा के दो सितारे

## रोमिल ने 27वीं तथा शुभम ने 116वीं रैंक के साथ यूपीएससी में पाई सफलता

रीवा।

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा सर्विसेज का अंतिम परिणाम आज घोषित कर दिया गया। इसमें विभिन्न संवर्गों में युवाओं का चयन हुआ है। रीवा के रोमिल द्विवेदी ने 27वीं रैंक तथा शुभम शुक्ला ने 116वीं रैंक के साथ यूपीएससी में सफलता पाई है। दोनों की प्रारंभिक शिक्षा रीवा में ही संपन्न हुई है। संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के क्षितिज पर रीवा के दो सितारे चमक रहे हैं। विन्ध्य के दो युवाओं ने अपनी प्रतिभा, लगन और परिश्रम से यूपीएससी की परीक्षा में सफलता की चमक बिखेरी है।बॉक्स रोमिल ने प्राप्त की 27वीं रैंकबता दे रोमिल द्विवेदी ने यूपीएससी की परीक्षा में 27वीं रैंक प्राप्त की है। रोमिल को पिछले वर्ष भी यूपीएससी में सफलता मिली थी। वर्तमान में रोमिल इंडियन रेलवे में कार्यरत हैं। रोमिल के पिता केके द्विवेदी उपायुक्त सहकारिता के पद पर वर्तमान में भोपाल में कार्यरत हैं। उनकी माता श्रीमती आशा द्विवेदी गृहणी हैं। उनके चाचा प्रकाश द्विवेदी संभागीय पेंशन कार्यालय में सहायक संचालक के पद पर कार्यरत हैं। रोमिल का परिवार मूल रूप से रीवा जिले के जवा तहसील के पुरौना गांव का निवासी है। रीवा में बोदाबाग में भी उनका पारिवारिक आवास है। रोमिल बचपन से ही प्रतिभाशाली थे। उनके चाचा श्री प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि रोमिल की प्रारंभिक शिक्षा बाल भारती स्कूल में हुई। उन्होंने शेष स्कूली शिक्षा डीपीएस भोपाल



से पूरी की। इसके बाद रोमिल ने मेनिट भोपाल से बीटेक की उपाधि प्राप्त की। उनके पिता केके द्विवेदी ने बताया कि रोमिल ने किसी कोचिंग संस्थान से प्रशिक्षण नहीं लिया। उन्होंने स्वयं ही यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी की।बॉक्स शुभम ने हासिल की 116वीं रैंकशुभम शुक्ला ने यूपीएससी में 116वीं रैंक के साथ सफलता प्राप्त की है। शुभम वर्तमान में भारतीय खेल विकास प्राधिकरण में सहायक संचालक के पद पर कार्यरत हैं। शुभम का परिवार रीवा में उर्रहट मोहल्ले में निवासरत है। शुभम के पिता अजय शुक्ला व्यवसायी हैं तथा उनकी माता श्रीमती संगीता शुक्ला गृहणी हैं। शुभम की भी प्रारंभिक शिक्षा बाल भारती स्कूल रीवा से हुई है। इसके बाद उन्होंने आईईटी डीएव्हीव्ही इंदौर से सिविल इंजीनियरिंग में बीई की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी की। उनके पिता अजय शुक्ला ने बताया कि शुभम स्कूली शिक्षा के दौरान भी टापर रहे। उनके दादा उसे सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। शुभम की शुरू से ही रूचि सिविल सर्विसेज में थी। शुभम की बहन शिवानी ने बताया कि शुभम ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान ही यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी थी। उसके मित्र हर्षवर्धन सिंह का बहुत सहयोग रहा। शुभम की सफलता से पूरा परिवार बहुत खुश है। उनके मित्र तथा वर्तमान में उमरिया में जनसंपर्क अधिकारी अरूणेन्द्र सिंह ने बताया कि शुभम शुक्ला ने यूपीएससी की मुख्य परीक्षा में चार बार सफलता प्राप्त की। उन्हें तीन बार साक्षात्कार में भी सफलता मिली। अपने अंतिम प्रयास में उनका 116वीं रैंक के साथ चयन हुआ है। शुभम अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और दीदी शिवानी शुक्ला को दिया है। यूपीएससी की तैयारी में शुभम को सबसे अधिक सहायता और सहयोग हर्षवर्धन सिंह से मिला। हर्षवर्धन का दो वर्ष पूर्व भारतीय पुलिस सेवा में चयन हुआ। उनके पिता रीवा में संयुक्त कलेक्टर थे। हर्षवर्धन अपना विभागीय प्रशिक्षण पूरा करने के बाद कर्नाटक में पदस्थापना स्थल में नवीन पदभार ग्रहण करने जा रहे थे। दुर्भाग्य से सड़क दुर्घटना में उनकी दुखद मौत हो गई थी। अरूणेन्द्र सिंह ने बताया कि शुभम शुरू से ही प्रशासनिक अधिकारी बनने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प से प्रयास कर रहे थे। उनके संकल्प को अंततः सफलता मिल गई है। श्री सिंह ने इस सफलता के लिए शुभम को बधाई दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क के किनारे मिला युवक का शव

### परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका, सोहागी थाना क्षेत्र के खाम्भा समीप हुई घटना

रीवा ।



जिले के सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव सडक़ में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचनापर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पीएम के लिये अस्पताल भेजा है वहीं घटना को लेकर मृतक के परिजनों हत्या का आरोप लगाते हुये पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करते हुये आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। घटना के संबंध में बताया गया कि चाकघाट निवासी आकाश शुक्ला पिता सुनीत शुक्ला उम्र 21 वर्ष खांभा गांव निमंत्रण में गया हुआ था,जहॉ आधी रात वापसी दौरान उसका शव सडक़ में पड़ा मिला। गस्त कर रही पुलिस को शव पड़े होने पर जांच की गयी,जिसके बाद उसके परिजनों को सूचना दी गयी। पुलिस ने युवक के शव को पीएम के लिए संजय गांधी अस्पताल के शव ग्रह में रख दिया है। परिजनों का आरोप है कि बारात से लौट रहे विकास की हत्या कर अज्ञात लोगों ने घटना को एक्सीडेंट का रूप देने का प्रयास किया है पुलिस इस पूरे मामले में जांच कर रही है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है,जिसके बाद ही स्पष्ट हो पायेगा कि मौत की असली वजह क्या थी।

# शराब तस्करों ने युवक को पीट पीटकर उतारा मौत के घाट

## चोरहटा थाना के अमरैया गांव में विवाद के बाद हुई वारदात

**रीवा** । जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब तस्करों ने वैवाहिक कार्यक्रम से रात में लौट रहे युवक की पीट-पीटकर हत्या करने का मामल सामने आया है, आरोपियों ने किसी बात पर विवाद के बाद वारदात को अंजाम दिया। पूरे मामले में पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना चोरहटा थाना क्षेत्र के अमरैया गांव की बताई गई है बता दे पूरे घटनाक्रम की जानकारी के बाद करीब साढ़े 12 बजे पहुंची चोरहटा पुलिस ने लहूलुहान अवस्था में संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया जहॉ उसे चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। इस मामले को लेकर यह जानकारी सामने आयी कि चोरहटा पुलिस को 100 डायल में अमरैया टोला स्थित एक झोपड़ी में आग लगे होने का इवेंट मिला था,जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आगजनी की घटना के कुछ कदम दूरी पर ही युवक लहूलुहान अवस्था में मिला था



जिसकी मौत हो गयी। उक्त युवक की पहचान दुआरी निवासी विकास द्विवेदी उर्फ पिंटू परौहा के रूप में की गयी है। इस मामले को लेकर पुलिस ने हत्या का मामला पंजीबद्ध कर दो महिला समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है जिनसे घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी अनुसार अमरैया गांव में वीरेन्द्र उर्फ बबली कोरी के द्वारा झोपड़ी बनाकर शराब बेचने और अपने स्थान पर बैठाकर शराब पिलाने का अवैध कार्य किया जा रहा है। शायद शराब तस्करी को लेकर युवक वहॉ पहुंचा था जिसके बाद झोपड़ी में आगजनी की घटना हुई और वहॉ मौजूद लोगों ने पिंटू को इस कदर पीटा की उसकी मौत हो गयी। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार मृतक पिंटू आपराधिक प्रवृत्ति का था जिसके विरूद्ध पूर्व से ही कई मामले पंजीबद्ध थे। बॉक्स शासकीय भूमि में तस्कर झोपड़ी बनाकर करते थे अवैध व्यापार ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि आरोपियों द्वारा झोपड़ी में अवैध शराब का कारोबार किया जाता था। कार्यक्रम से लौटते समय उसी स्थान पर युवक की आरोपियों से किसी बात कहासुनी हुई। स्थानीय लोगों की माने तो अमरैया में शासकीय जमीनों पर कुछ स्थानीय तस्कर शासकीय भूमि में झोपड़ी बनाकर अवैध शराब नशीली सिरप का कारोबार कर रहे हैं। इसकी सूचना डेढ़ साल से पुलिस को दी जा रही है लेकिन कारोबार पर अंकुश नहीं लग पाया है और न ही नशे के इन ठिकानों की ही हटाया गया है। इसी कारण इन तस्वीरों के हौसले बुलंद है, स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि सही समय पर पुलिस प्रशासन कार्रवाई कर देता तो हत्या जैसी घटना घटित ना होती।

# सैनिक स्कूल कैंपस में झाड़ियों में लगी आग

## दमकल और स्कूल प्रबंधन की कड़ी मशक्कत के बाद आग में पाया काबू

रीवा।



शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिविल लाइन कॉलोनी में संचालित सैनिक स्कूल के कैंपस में लगी झाड़ियां में अचानक आग लग गई। आग के विकराल रूप को देखकर चारों ओर अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया, दरअसल झाडिय़ों के बीच अचानक लगी आग देखते-देखते परिसर को चपेट में लेने लगी,उसकी लपटे रहवासी इलाकों तक आने लगी। गनीमत रही कि समय रहते स्कूल प्रबंधन एवं दमकल की पहुंची कई टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,तब जाकर लोगों को राहत मिल पायी। मिली जानकारी अनुसार स्कूल परिसर के जिस हिस्से में आग लगी वहां घने पेड़ और झाडिय़ां है, जिसकी वजह से आग चारों ओर फैल गई। दरअसल आग लगने की यह घटना सैनिक स्कूल परिसर के लाड़ली लक्ष्मीपथ मार्ग की ओर हुई है। यहां स्कूल की बाउंड्री वाल के भीतर किसी सामाजिक तत्व द्वारा झाडिय़ां में आग लगा दी गई, जिससे यह आग देखते ही देखते तकरीबन एक से डेढ़ एकड़ में फैल गई और विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही फ ायर ब्रिगेड के साथ पहुंचे दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पायाए इसके बाद स्थिति सामान्य हुई है। आग लगने के पीछे की असली वजह क्या रही इसका पता विद्यालय प्रबंधन सहित पुलिस लगा रही है।

# मऊगंज मे जनसुनवाई के दौरान 63 आवेदन पहुंचे



**मऊगंज**। कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई जिसमें 63 आवेदन प्राप्त हुए सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग और जनपद पंचायत की प्राप्त हुई जनसुनवाई के दौरान नईगढ़ी सीईओ एमपी आरडीसी श्रम विभाग के अधिकारी सीएमओ मऊगंज अनुपस्थित पाए गए जिन्हें कलेक्टर द्वारा नोटिस देने निर्देशित किया है जनसुनवाई में सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग की जो पूर्वत चली आ रही है नईगढ़ी और हनुमना के सबसे ज्यादा शिकायती आवेदन प्राप्त हुएं इस दौरान नगर परिषद मऊगंज में संबल योजना के तहत दो वर्ष से लंबित प्रकरण ग्राम पंचायतों में आवास हेतु पात्र हितग्राहियों का सर्वे नहीं होना कई आवेदन जनसुनवाई में दिए गए अनुपस्थित अधिकारियों को कलेक्टर संजय जैन द्वारा नोटिस जारी करने निर्देशित किया गया वहीं कई शिकायतों में त्वरित संवाद कर जनसुनवाई के दौरान ही निराकरण किया गया।

# मऊगंज जिले के अधिकारी कर्मचारी रीवा शहर मे बना रखे है मुख्यालय

## कंप्यूटर ऑपरेटरों और चपरासी के भरोसे चल रहे कई विभागों के कार्यालय



**मऊगंज**। जिला बने दो वर्ष होने वाला है किन्तु प्रशासनिक कसावट न होने के कारण जिला मुख्यालय से लेकर जनपद स्तरीय विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ अधिकतर अधिकारी,कर्मचारियों की आदतो में सुधार नहीं हुआ है हालात कुछ इस कदर है की नौकरी तो मऊगंज जिले में कर रहे हैं और मुख्यालय अभी भी अपना 70 किलोमीटर दूर रीवा शहर में बनाकर निवास करते हैं। तहसील एवं जनपद स्तर के मुख्यालयों के भी लगभग एक जैसे हालात हैं शायद ही कोई ऐसा आला अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्यालय स्तर पर हेड क्वार्टर बनाकर निवास करते हो।आलम यह है कि कोई एक दो नही वल्कि लगभग 40 प्रतिशत कर्मचारी अपना निवास स्थान रीवा शहर में बनाकर आराम से रह रहे हैं। कुछ इस तरह के हालात कोई नया नहीं है बल्कि यह स्थिति वर्षों से चलन में है कि शहर में ही निवास करते हुए हफ्ते में एक दो दिन मुख्यालय पहुंचकर मनमाफिक उपस्थित पंजी में हस्ताक्षर कर पुनः परंपरागत ढंग से समय से पहले शहर की ओर लौट जाते हैं जिसके चलते चाहे जनपद हो या महिला बाल विकास महाविद्यालय हो या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी या फिर खाद्य आपूर्ति जैसा आम जनमानस से जुड़ा विभाग जहां के कर्मचारी और अधिकारी अपने मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर रीवा शहर में निवास करते हुए पूर्ण सुख सुविधा के साथ बेहिचक बिना डर एवं भय के नौकरी कर रहे हैं। और इसी गैर जिम्मेदाराना व्यवस्था और अधिकारियों कर्मचारियों का मुख्यालय से कोई खास नाता न रखने से शासन स्तर पर चलाई गई अति जनकल्याणकारी योजनाएं आम जनमानस तक नहीं पहुंच पा रही है। अधिकतर समय रीवा शहर से ही कार्यालय का क्रियान्वयन किए जाने से आम जनमानस को लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पीड़ित जनता की माने तो कई बार स्थितियां कुछ इस कदर तैयार हो जाती है कि सुबह से शाम तक परेशान जनमानस जनपद एवं महिला बाल विकास जैसे कार्यालयों के दहलीज पर बैठकर पूरे दिन अधिकारियों व कर्मचारियों के आने की प्रतीक्षारत रहते हैं लेकिन दिन भर इन जिम्मेदार अधिकारियों के दर्शन तक नहीं होते। जबकि सरकार एवं जिले में बैठे प्रशासनिक अधिकारियों का कड़ा दिशा निर्देश है कि सभी जिम्मेदार विभागों के आला अधिकारी से लेकर समस्त कर्मचारी मुख्यालय स्तर पर निवास करें और जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं। लेकिन जब जिम्मेदार ही मुख्यालय छोड़कर बेहिचक बिना रोक-टोक के अधिकतर समय मऊगंज जिला की बजाय रीवा शहर में रहकर वातानुकूलित आवास में बैठकर आराम से हर माह का वेतन उठा रहे हो तो भला मऊगंज जिले जैसे दूरस्थ अल्प सुविधा वाले क्षेत्र के मुख्यालय में रहने क्यों जाएँगे। और यही जनता की जनकल्याणकारी योजनाओं को दरकिनार कर अपने स्वयं की सुविधा को ध्यान दिए जाने का परिणाम है कि दिन दिन भर कई विभागों के जिम्मेदारों की कुर्सियां खाली पड़ी रह जाती है और चपरासी साहब की कुर्सी झांककर वापस लौट जाता है तो वही कंप्यूटर ऑपरेटरों के सहारे विभिन्न विभागों के रिकार्डों की खानापूर्ति कर अधिकारी अपने कार्य को बेहतर समझ कर अपनी ही पीठ थपथपाने में उतारू है।*इन विभागों के हाल हैं बदहाल* शासन स्तर पर जनहित को ध्यान में रखते हुए कई विभागों के कार्यालय खोले गए हैं लेकिन अधिकतर विभाग आज भी खानापूर्ति तक ही सीमित रहकर मऊगंज की बजाय रीवा शहर से ही चलाए जा रहे हैं जिसमे महिला बाल विकास हो जहां की कुछ गिनी चुनी सुपरवाइजरों को यदि छोड़ दिया जाए तो अधिकतर सुपरवाइजर रीवा शहर से ही नौकरी कर रही हैं। कमोवेश यही हाल जनपद पंचायत का है जहां समस्त तकनीकी शाखा के उपयंत्री एवं अन्य अधिकारी नियमित कर्मचारी मुख्यालय में निवास करना उचित नहीं समझते। इसी तरह जिले के विद्यालय और महाविद्यालय के ज्यादातर शिक्षक भी रीवा शहर से आते है जिससे छात्रो की पढ़ाई प्रभावित हो रही है,उधर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित खाद्य आपूर्ति विभाग जो वास्तव में आम जनमानस के अति नजदीक का विभाग है जिनके कर्मचारियों का क्षेत्र में रहना और समय-समय पर शासकीय उचित मूल्य की दुकानों आदि का जायजा लेना कि समय पर हितग्राहियों को खाद्यान्न आदि मिल रहा है कि नहीं। नियत किया गया है लेकिन यहां हालात ठीक विपरीत हैं यहां के अधिकारी मात्र शासकीय उचित मूल्य की दुकान हो या अन्य निजी होटल किराना आदि की दुकानें जहां जिम्मेदार तभी आते हैं जब उनके द्वारा लिए जाने वाले सेवा शुल्क का समय निहित होता है। बाकी कब कहां और क्या हो रहा है शायद इन जिम्मेदारों से कोई मतलब ही नहीं है। इसी तरह नईगढ़ी मुख्यालय स्तर पर क्षेत्र के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु शासकीय डिग्री महाविद्यालय खोला गया है यहां के यदि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को छोड़ दिया जाए तो सभी जिम्मेदार अधिकतर आला अधिकारी रीवा शहर में निवास करते हैं। जिसके कारण नईगढ़ी कालेज की व्यवस्थाएं पूर्णरूपेण पटरी से उतर चुकी है। ऐसा नहीं कि कुछ ही विभाग हैं जिनके आला अधिकारी मुख्यालय से नदारद रहते हैं बल्कि हकीकत है कि कई विभागों के कई कर्मचारी नियमित मुख्यालय में रहकर सेवा दे रहे हैं। मुख्यालय में ना रहने वाले जिम्मेदार कर्मचारियों एवं अधिकारियों की कारगुजारी से परेशान क्षेत्रीय पीड़ित जनमानस द्वारा नये कलेक्टर संजय कुमार जैन सहित जिले में बैठे विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की गयी है।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 79 आवेदकों की समस्यायें सुनीं

## जनसुनवाई में विभाग प्रमुख अनिवार्यत: उपस्थित रहें

रीवा।



कलेक्ट्रेट में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 79 आवेदकों की समस्यायें सुनीं। राजस्व, ग्रामीण विकास, शिक्षा सहित अन्य विभागों से संबंधित आवेदनों को कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जनसुनवाई में विभागीय प्रमुख अनिवार्यतः उपस्थित रहें उनके प्रतिनिधि मान्य नहीं होंगे। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदनों पर समाधानकारक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में अनूप तिवारी ने रघुराज सागर तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने का आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। नवल किशोर मिश्रा मगुरहाई निवासी के सीमांकन करने, अमित पटेल चन्द्रपुर निवासी ने पहुंचमार्ग से अतिक्रमण हटाने तथा अर्जुन नगर निवासी आरिफ खान के सीमांकन कराने के आवेदनों पर संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत पटना के रामकृपाल एवं सगरा के सूबेलाल कोल ने मार्ग से अतिक्रमण हटाने तथा आदिवासी बस्ती करहिया नं. 2 के निवासियों ने आम रास्ता को खोले जाने के आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिये। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में सेमरिया अन्तर्गत बरहा के निवासियों ने पेयजल व्यवस्था कराने तथा हरिजन बस्ती भटिगवां के निवासियों ने हैण्डपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराने का आवेदन दिया। कलेक्टर द्वारा संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में अमिलकी के किसानों ने अग्नि से क्षतिग्रस्त गेंहू की फसल का मुआवजा देने का आवेदन दिया जिसे तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। इसी प्रकार रूचि साकेत भटिगवां के साइकिल व छात्रवृत्ति दिलाये जाने के आवेदन को जिला शिक्षा अधिकारी को, बक्षेरा के कमलेश तिवारी के नल जल योजना से जल प्रदाय किये जाने के आवेदन को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को, शिवाकांत तिवारी लौरी नं. 2 के नक्शा तरमीम करने के आवेदन को नायब तहसीलदार गुढ़ को कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। पुनीत पाठक मढ़ा परासी कल्पना पाण्डेय खैरी-2 के बिजली बिल के सुधार के आवेदनों पर विद्युत विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय व संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं।